Title: Need to extend the Brahmaputra Express (Train No. 15657/58) upto Jodhpur and Barmer

श्री सुमेधानन्द सरस्वती (सीकर): ट्रेन संख्या 15657 एवं 15658 ब्रह्मपुत्र मेल दिल्ली से कामाख्या के बीच चलती है । अगर इस ट्रेन का विस्तार झुंझुनु, सीकर, रिंगस, फुलेरा मेड़ता रोड़ होते हुए जोधपुर, बाड़मेर तक किया जाये तो इस ट्रेन को यात्री भार अधिक मिलेगा । इसके साथ ही रेलवे विभाग को सीकर जिले में प्याज की बड़ी मंडी होने से सीकर, झुंझुनू सहित अन्य शहरों की पार्सल सेवा भी प्राप्त होगी । इसके अलावा सीकर जिला शिक्षा नगरी, सैनिकों का जिला होने के साथ साथ यहां खादुश्यामजी, जीणमाताजी, सालासर बालाजी, लोहागर्ल सहित अनेक धार्मिक स्थल स्थित है, इस ट्रेन का जुड़ाव सीकर होते हुए होने से श्रृद्धालुओं को भी फायदा मिलेगा ।

अतः मै माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करता हूँ कि ट्रेन संख्या 15657 एवं 15658 ब्रह्मपुत्र मेल का विस्तार झुंझुनु, सीकर, रिंगस, फुलेरा, मेड़ता रोड़ होते हुए जोधपुर, बाड़मेर तक किया जाये जिससे कि धार्मिक क्षेत्र शेखावाटी सीधा धार्मिक क्षेत्र (कामाख्या) पूर्वोत्तर से जुड़ सके ।